# बिजली बचाने ऊर्जा मंत्री एसी-फ्रिज नहीं करेंगे यूज

## जून भर पार्क में टेंट लगाकर पंखे के नीचे सोएंगे

**ग्वालियर, 29 मई. बिजली बचाने और प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने घोषणा की है कि वह जून के पूरे महीने घर, दफ्तर या सरकारी वाहन में रात के समय एयर कंडीशनर (एसी) का इस्तेमाल नहीं करेंगे.**



इसके बजाय वह ग्वालियर के एक पार्क में वाटरप्रूफ टेंट लगाएंगे और पंखे के नीचे सोएंगे. उन्होंने फ्रिज का ठंडा पानी नहीं पीने का भी फैसला किया है और इसके बजाय ठंडे पानी के पारंपरिक मिट्टी के बर्तन का इस्तेमाल करेंगे.

कांग्रेस ने मंत्री को नौटंकीबाज कहा कि ऊर्जा मंत्री के इन संकल्प को लेकर सियासत भी शुरू हो गई है. कांग्रेस ऊर्जा मंत्री को नौटंकी

- ग्वालियर के एक पार्क में वाटरप्रूफ टेंट लगाएंगे
- ठंडे पानी के लिए मिट्टी के बर्तन का करेंगे इस्तेमाल

बाज बता रही है. कांग्रेस नेता आरपी सिंह का कहना है कि ऊर्जा मंत्री को सिर्फ मध्य प्रदेश में ही नहीं पूरे भारतवर्ष में एक एक्टर और नौटंकी मंत्री के नाम से जाना जाता है और यही कारण है कि रोज-रोज ढोंग लेकर आते है. बता दें कि मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री हमेशा अपने नए-नए अंदाज को लेकर सुर्खियों में रहते हैं. मंत्री जी कभी नाले में उतरकर सफाई करने लगते हैं तो कभी लाइट ठीक करने लगते हैं. अभी हाल ही में ऊर्जा मंत्री ने बगैर प्रेस किए हुए कपड़े पहनने का संकल्प लिया था.

### तोमर सिर्फ यहां करेंगे एसी का उपयोग

हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि जब वह भोपाल और ग्वालियर में होंगे तो वह अपनी प्रतिज्ञा का सख्ती से पालन करेंगे, लेकिन दिल्ली में होने पर ऐसा करना संभव नहीं हो सकता है. मंत्री ने कहा कि दिन के दौरान, मैं जितना संभव हो सके एसी का उपयोग करने से बचने की कोशिश करूंगा, लेकिन ऐसे मौके हो सकते हैं जब मैं वरिष्ठ नेताओं के घर जाता हूं या बैठकों में भाग लेता हूं, जहां यह संभव नहीं हो सकता है. मैं उनसे अपने एसी बंद करने के लिए नहीं कह सकता - यह उनकी पसंद है. मैं किसी पर कुछ भी नहीं थोप रहा हूं. यह एक व्यक्तिगत प्रतिबद्धता है जो मैं खुद से कर रहा हूं. तोमर ने बताया कि एयर कंडीशनर न केवल काफी मात्रा में बिजली की खपत करते हैं, बल्कि कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन भी करते हैं. जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है.

### बिजली बचाने का डेटा करेंगे शेयर

प्रद्युम्न तोमर ने कहा कि यह सिर्फ शब्दों की बात नहीं है, यह काम की बात है. उन्होंने इसे हरियाली और स्वच्छ भारत की दिशा में एक छोटा सा योगदान बताया. जून महीने के लिए अपनी अनूठी प्रतिज्ञा की पुष्टि करते हुए मंत्री ने कहा कि मैं यह भी डेटा साझा करूंगा कि एक रात के लिए सिर्फ एक एसी बंद करने से कितनी यूनिट बिजली बचाई जा सकती है और कितना प्रदूषण कम किया जा सकता है.



# मोहन-कैलाश ने सच किया इंदौर मेट्रो का सपना : राकेश

**भोपाल, 29 मई. मध्य प्रदेश की पवित्र भूमि पर विश्व के सबसे लोकप्रिय हमारे लाडले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 मई को राजधानी भोपाल के जंबूरी मैदान में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में शामिल होंगे. वह राजधानी भोपाल की भूमि से प्रदेश को कई सौगात देंगे.**

भोपाल से इंदौर में पीएम नरेंद्र मोदी मेट्रो की सौगात देंगे. मध्य प्रदेश में पहली बार मेट्रो ट्रेन शुरू होगी. लोकमाता अहिल्याबाई की 300 वीं जयंती पर इंदौर में लोकमाता अहिल्याबाई की याद को हमेशा बनाए रखने के लिए इंदौर में गांधीनगर स्टेशन का नाम लोकमाता मां अहिल्याबाई मेट्रो स्टेशन रखने का निर्णय हुआ है. साथ ही मेट्रो स्टेशन पर लोकमाता अहिल्याबाई की प्रतिमा भी लगाई जाएगी. इंदौर वासियों को लंबे समय से मेट्रो का इंतजार था. मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपने वादे को पूरा किया और अब इंदौर वासियों का मेट्रो का सपना पूरा हो रहा है. मेट्रो शुरू होते ही पहले सात दिन उसमें यात्रा फ्री रहेगी, फिर बहुत कम चार्ज लगेगा जो दो स्टेशनों के बीच 10 रहेगा. आज इंदौर शहर का हर निवासी मेट्रो शुरू होने की खुशी मना रहा है. वह गर्व महसूस कर रहा है कि इंदौर शहर मध्य प्रदेश का पहला शहर होगा जहां मेट्रो सबसे पहले शुरू होगी. मध्य प्रदेश के इतिहास में इंदौर शहर के नाम पर एक और उपलब्धि दर्ज हो रही है. जहां स्वच्छता अभियान में लगातार इंदौर देश में नंबर एक पर आ रहा है और अब क्लीन सिटी के साथ-साथ ग्रीन सिटी की ओर इंदौर बढ़ता जा रहा है.

इंदौर वासियों को अपने मार्गदर्शक नेता डॉ मोहन यादव और कैलाश विजयवर्गीय पर गर्व है कि उन्होंने इंदौर वासियों का सपना है कि इंदौर शहर में मेट्रो ट्रेन चलेगी जिससे इंदौर वासियों का सपना पूरा होगा और जो बीड़ा उठाया था. डॉ मोहन यादव और कैलाश विजयवर्गीय ने उसे पूरा कर दिया है. पहले कोई व्यक्ति जब दिल्ली जाता था तो लौटकर वह गर्व से बताता था कि दिल्ली में मेट्रो ट्रेन की सवारी की और मेट्रो ट्रेन के अपने सफर के अनुभव को बड़े गर्व से वह अपने साथियों और परिवार के सदस्यों को बताता था. अब मध्य प्रदेश का कोई निवासी जब इंदौर शहर जाएगा तो वह निश्चित रूप से एक बार मेट्रो में सफर जरूर करेगा और लौटकर अपने परिवार के सदस्यों और अपने मित्र गणों को अपने मेट्रो के सफर के बारे में जरूर बताएगा.

# संगठन सृजन अभियान से मिलेगी नई ऊर्जा : सिंघार

**भोपाल, 29 मई. मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आगामी तीन जून को भोपाल में होने वाले कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के उद्घाटन को लेकर आज कहा कि ये कांग्रेस परिवार के लिए एक नई शुरुआत का ऐतिहासिक क्षण होगा.**



श्री सिंघार ने कहा कि राहुल गांधी के मार्गदर्शन में तीन जून से शुरू होने वाला यह संगठन सृजन अभियान कांग्रेस को जमीनी स्तर पर और सशक्त करेगा. यह पहल युवाओं, किसानों, श्रमिकों और समाज के वंचित वर्गों को कांग्रेस के साथ पुन: जोड़ने का एक सशक्त माध्यम बनेगी. इस अभियान के तहत अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों, प्रदेश कार्यकारिणी, राजनीतिक मामलों की समिति और सभी जिला अध्यक्षों के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा.

## पत्नी की हत्या के बाद आरोपी ने की आत्महत्या

**मुरैना.** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के कैलारस थाना क्षेत्र में एक शराबी पति ने मामूली विवाद के चलते पत्नी की धारदार हथियार से हमलाकर हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली. पुलिस सूत्रों के अनुसार 'लीलहर का पूरा' निवासी रामबिलास कुशवाह (55) कल देर रात शराब के नशे में घर पहुंचा और पत्नी सरोज (50) से किसी बात को लेकर विवाद हो गया. इसी विवाद के चलते रामबिलास कुशवाह ने पत्नी सरोज पर हंसिए और ईंट से कई वार किए, जिससे वह बेहोश हो गई. पत्नी को बेहोश देख पति रामबिलास ने घर के कमरे में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे वह भी बेसुध हो गया.

# नाबालिग छात्रा से रेप, आरोपी गिरफ्तार

क्राइम रिपोर्टर

**भोपाल, 29 मई. राजधानी के निशातपुरा इलाके में एक नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है. एक युवक पर आरोप है कि वह बीते तीन महीने से छात्रा को डरा-धमकाकर लगा तार ज्यादती कर रहा था. पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है.**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, हनुमानगंज क्षेत्र में रहने वाली 17 वर्षीय पीड़िता कक्षा 11वीं की छात्रा है. वहीं, आरोपी की पहचान बिट्टू कुशवाहा के रूप में हुई है, जो एक कॉलेज छात्र है.



बताया गया है कि आरोपी पहले पीड़िता के पड़ोस में रहता था, जिसके चलते दोनों की जान-पहचान थी. घटना का खुलासा करते हुए पीड़िता ने बताया कि बीते 17 मार्च को आरोपी बिट्टू कुशवाहा उसे घुमाने के बहाने निशातपुरा क्षेत्र में स्थित होटल मधुरम रेसीडेंसी ले गया था. जहां उसने पीड़िता को डरा-धमकाकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया. इसके बाद से आरोपी लगातार पीड़िता को जान से मारने की धमकी देकर उसका यौन शोषण कर रहा था.

बुधवार की रात पीड़िता अपनी मां के साथ निशातपुरा थाने पहुंची और आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को समझते हुए पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर आरोपी बिट्टू कुशवाहा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रेप की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है.

# गोपद नदी को छलनी कर रहा रेत ठेकेदार

## सहकार ग्लोबल कंपनी एवं खनिज अधिकारी का चल रहा गठजोड़



**सिंगरौली, 29 मई. जिले में रेत ठेकेदार एवं खनिज अधिकारी का गठजोड़ इस तरह चल रहा है कि एनजीटी के दिशा-निर्देशो का खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं.**

सरई तहसील क्षेत्र के भरसेड़ी रेत खदान सबसे बड़ा उदाहरण है. जहां मशीनों से रेत का उत्खनन कराया जा रहा है. वही आरोप लग रहा है कि खनिज अधिकारी अनजान है. दरअसल जिले में रेत का कारोबार काफी जोर-शोर से चल रहा है. वैध के अलावा अवैध रेत उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण व्यापक पैमाने पर जोर पकड़ा हुआ है. सूत्र बताते हैं कि सरई तहसील क्षेत्र के भरसेड़ी गांव के गोपद नदी को सहकार ग्लोबल के ठेकेदार छलनी करने में कोई कोर कसर नही छोड़ रहा है. आरोप यहां तक लग रहा है कि जिला खनिज अधिकारी सब कुछ जानते हुये मौन धारण कर ली हैं. जिला खनिज अधिकारी की चुप्पी कई सवालों को जन्म दे रहा है. इधर आरोप है कि भरसेड़ी- हर्दी गोपद नदी के रेत खदान में एनजीटी के दिशा-निर्देशों का खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं.

### बलियरी के रेण नदी के अघोषित

रेत कारोबारियों ने बलियरी के रेण नदी के रेत खदान तक जाने के लिए सड़क अघोषित रूप से सड़क बना लिया था और करीब एक पखवाड़े के अधिक समय से सड़क बनी हुई थी. जहां शाम ढलते ही ट्रैक्टर कारोबारी सक्रिय हो जाते थे. इसकी शिकायते भी पुलिस एवं खनिज अमला के यहां की जाती रही. लेकिन कोतवाली पुलिस अनजान थी.

## तीन माह का राशन एक साथ वितरण होगा

**रतलाम।** जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा बताया गया कि शासन निर्देशानुसार जिले में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत समस्त पात्र परिवारों को जून, जुलाई एवं अगस्त 2025 का राशन माह जून 2025 में पीओएस मशीन पर तीन बार बायोमेट्रिक सत्यापन उपरांत एक साथ वितरण किया जाएगा। इस हेतु परिवार के शेष सदस्यों की ई केवाईसी अनिवार्य है। मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से प्रेषित सूचना से वितरित राशन सामग्री का मिलान किया जाएगा। राशन सामग्री प्राप्त करते समय पीओएस मशीन से जारी पर्ची दी जाएगी। राशन सामग्री प्राप्त होने में कठिनाई होने पर सीएम हेल्पलाइन एवं संबंधित अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व कार्यालय अथवा संबंधित कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# तहसीलदार ने खुलवाया राशन दुकान का ताला

## साजापानी शासकीय उचित मूल्य दुकान का मामला

**सरई, 29 मई. तहसील सरई के अंतर्गत ग्राम साजापानी में संचालित सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान में खाद्यान्न वितरण में लंबे समय से चल रही अनियमितताओं के विरोध में सरपंच के मौजूदगी में ग्रामीणों ने शासकीय दुकान में तालाबंदी कर दिया था. जहां प्रशासन की भारी किरकिरी हो रही थी.**

- अनियमितताओं के कारण ग्रामीणों जड़ दिया था ताला
- नहीं मिल रहा था समय पर लोगों को राशन, लोग थे परेशान
- शिकायत के बाद साजापानी पहुंचे थे तहसीलदार

साजापानी राशन दुकान से खाद्यान्न न मिलने पर ग्रामीणों की शिकायतें मिलते ही तहसीलदार सरई चंद्रशेखर मिश्रा त्वरित रूप से ग्राम पहुंचे और नाराज जनसमूह से संवाद स्थापित किया. उनकी समझाइस एवं सक्रिय पहल के पश्चात ग्रामीणों की उपस्थिति में दुकान का ताला खुलवाया गया. तहसीलदार ने विक्रेता को वितरण न करने पर फटकार लगाई तथा समिति प्रबंधक के माध्यम से खाद्यान्न भंडारण का सत्यापन कराया. मौके पर मई, जून एवं जुलाई का खाद्यान्न उपलब्ध पाया गया. खाद्यान्न वितरण में पाई गई अनियमितताओं पर विधिवत प्रतिवेदन समिति प्रबंधक से मांगा गया है. तहसीलदार ने ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर समाधान कराया और आश्वस्त किया कि किसी भी पात्र हितग्राही का राशन रोका नहीं जाएगा. समय पर सभी को गेहूं, चावल, नमक व शक्कर का वितरण सुनिश्चित किया जाएगा. स्थल पर राजस्व निरीक्षक आरएन सोनी, पटवारी शैलजा त्रिपाठी सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे.

# सीधी पुलिस का शराब माफियाओं पर प्रहार

## एक ही दिन में 1451 लीटर अवैध शराब जब्ती

**सीधी. पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत द्वारा चलाये गए एक दिवसीय अभियान के तारतम्य में, पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव तथा जिले के समस्त पुलिस अनुविभागीय अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के मार्गदर्शन में अवैध शराब के विरुद्ध एक दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया.**



आबकारी एक्ट के अलग अलग प्रकरण दर्ज कर 1451 लीटर अवैध शराब जब्त की गई, जिसकी कीमत लगभग 4.62 लाख है. साथ ही परिवहन मे प्रयुक्त वाहन कीमती 3.5 लाख कुल 8.12 लाख मूल्य का मशरुका जप्त किया गया है.

थाना मड़वास 337 लीटर, 82,210 रूपए, थाना सेमरिया 185 लीटर, 57,360 रूपए, थाना चुरहट 181 लीटर, 53,100 रुपए, थाना बहरी 139.28 लीटर, 36,980 रूपए, थाना मझौली 127.06 लीटर, 41,160 रूपए, थाना कमर्जी 115.84 लीटर, 42,130 रुपए, थाना अमिलिया 97.62 लीटर, 40,860 रूपए, थाना रामपुर नैकिन 89.13 लीटर, 45,180 रूपए, थाना जमोड़ी 70.42 लीटर, 21,089 रुपए, थाना कोतवाली 48.66 लीटर.

## 12वीं में सप्लीमेंट्री आने पर युवती ने की आत्महत्या

**रतलाम.** जिले में एक युवती ने 12वीं में असफल होने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. महिला खाचरौद स्थित मामा के घर से बुधवार को लौटी थी. गुरूवार सुबह वह रोज की तरह ब्रश करने के लिए घर की पहली मंजिल पर गई थी, लेकिन देर तक वापस न आने पर उसकी 12 वर्षीय बहन हर्षिता ने उपर जाकर देखा तो महिमा वेंटिलेशन ग्रिल से लटकी हुई मिली. परिजनों उसे तुरंत रतलाम मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. प्रारंभिक जांच में आत्महत्या का कारण परीक्षा में असफलता से उत्पन्न तनाव माना जा रहा हैं. कोई सुसाइड नोट नहीं मिला हैं.

# विभिन्न रोगों से बचाव की एकमात्र औषधि योग

## केशव नगर में सात दिवसीय योग शिविर में अनेक साधक ले रहे हैं लाभ

**मंदसौर। वर्तमान में जहां एक तरफ ही नहीं चारों तरफ प्रदूषित पर्यावरण के कारण प्रमुख साधन फल-सब्जियां कोई भी शुद्ध विशुद्ध नहीं रहकर कोरोना जैसे वैश्विक विभिन्न रोग की गिरफ्त में आने के बाद वर्तमान में डायबिटिज, हृदय रोग , थायराइड, किडनी-केंसर, सर्दी जुकाम, खांसी, जोड़ों का दर्द, अस्थमा, बुखार आदि अनेक बीमारियों से परेशान हुए रोगियों की संख्या सरकारी और प्रायवेट अस्पतालों में कम होने के बदले दिन पर दिन बढ़ती जा रही है।**



ऐसी विषम परिस्थिति में यदि लाइन में खड़े होकर अस्पतालों चक्कर काटने और रोगों से बचने की कोई कारगर पेटेंट अचूक औषधी दवा कोई है तो वह है एक मात्र भारत का आदि-अनादि काल से चला आ रहा हमारे परम् वैज्ञानिक रिषी महर्षियों का योग और आयुर्वेद जिसका चमत्कार कोरोना काल में सम्पूर्ण विश्व ने देखा है और आज सम्पूर्ण संसार में जहां देखों उसी योग का प्रचार प्रसार हो रहा है।

नगर के घण्टाघर के पीछे केशव नगर सरस्वती भवन में पतंजलि योग गुरू बंशीलाल टांक और आयुर्वेदाचार्य ब्रजमोहन सोनी द्वारा 25 मई से प्रतिदिन प्रात- ठीक 6 .30 से 7 .30 बजे तक निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर लगाया जा रहा है जिसमें योग के अंतर्गत प्राणायाम आसन-व्यायाम के अतिरिक्त सरल घरेलू उपायों से किस प्रकार रोग मुक्त रह सकते है इसके संबंध में अच्छी प्रकार उपाय बताये जा रहे है। प्रतिदिन योग समापन के पश्चात् गैस एसीडीटी आदि से लीवर (पेट) को ठीक रखने के लिये प्रतिदिन औषधी काढ़ा भी पिलाया जा रहा है। युवा अपने शरीर को किस प्रकार बलिष्ठ और मजबूत बना सके इसके लिये व्यायाम सूर्य नमस्कार, साधारण और कठिन बैठक दण्ड बैठक का अभ्यास कराया जा रहा है। बड़ी संख्या में सभी अवस्था के पुरूष वर्ग, माताएं बहने भाग ले रही है। 11 दिवसीय शिविर का समापन 4 जून को होगा इस शिविर का अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने के लिये संस्थान ने सबसे अनुरोध किया है।

फैसला | हाईकोर्ट ने जमानत देने से किया इंकार

# देश में करना चाहता था मुगल व्यवस्था की स्थापना

**जबलपुर, 29 मई. अनलॉफुल एक्टिविटी एक्ट में एनआईए के द्वारा गिरफ्तार अधिवक्ता ने जमानत के लिए हाईकोर्ट में अपील दायर की थी.**

हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल तथा जस्टिस देव नारायण मिश्रा की युगलपीठ ने पाया कि अपीलकर्ता के पास से जब्त आपत्तिजनक सामग्री से पता चलता है कि सोसायटी के सदस्यों के बीच सांप्रदायिक सद्भाव में व्यवधान पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है. जिससे मुगल व्यवस्था की स्थापना की जा सके, जैसा कि अंग्रेजों ने मुगलों के हाथों से भारत पर कब्जा कर लिया था.

भोपाल निवासी वासीद खान के खिलाफ एनआईए ने भारतीय दंड संहिता की धारा 121-ए, 153-ए, 120-बी, 201 के साथ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 (जिसे आगे 1967 का अधिनियम कहा जाएगा) की धारा 13 (1)(बी), 18, 18-ए, 18-बी के तहत प्रकरण दर्ज किया था. विशेष न्यायाधीश एनआईए भोपाल द्वारा 8 फरवरी 2025 को नियमित जमानत का आवेदन खारिज कर दिया था. जिसके खिलाफ हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिवीजन अपील दायर की गयी थी.

अपीलकर्ता की तरफ से कहा गया था कि वह नामांकित अधिवक्ता है तथा मानवाधिकार संगठन के साथ स्वयंसेवक के रूप में काम करता है और कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता है. उसने ऐसा कोई कार्य नहीं किया है जो 1967 के अधिनियम की धारा 2 (ओ) के तहत गैरकानूनी गतिविधियों की परिभाषा के अंतर्गत आता है. अपीलकर्ता के पास से जब्ती के कोई साक्ष्य मूल्य नहीं है. अपीलकर्ता जेल में निरुद्ध होने के कारण वह जब्ती स्थल में उपस्थित नहीं था.

अपीलकर्ता के पास से जब्त आपत्तिजनक सामग्री से पता चलता है कि सोसायटी के सदस्यों के बीच सांप्रदायिक सद्भाव में व्यवधान पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है. जिससे मुगल व्यवस्था की स्थापना की जा सके, जैसा कि अंग्रेजों ने मुगलों के हाथों से भारत पर कब्जा कर लिया था.

युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा कि अनलॉफुल एक्टिविटी (प्रिवेंशन) एक्ट, एक भारतीय कानून है जिसका उद्देश्य गैरकानूनी गतिविधियों, विशेष रूप से आतंकवादी गतिविधियों को रोकना है. यह कानून भारत की एकता, अखंडता और संप्रभुता के खिलाफ निर्देशित गतिविधियों से निपटने के लिए शक्तियां प्रदान करता है. युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि प्रकरण लंबित है और अपीलकर्ता अपने साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए स्वतंत्र हैं. प्रकरण की गुणवत्ता पर कोई टिप्पणी करने से प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है. आवेदन परिपक्व नहीं होने के कारण खारिज करने के योग्य है.

## इंदौर में होगा जानवरों का अंतिम संस्कार

**इंदौर.** इंदौर नगर निगम ने शहर में मृत जानवरों को जमीन में गाड़ने की परंपरा को खत्म करते हुए उनके विधिवत अंतिम संस्कार की नई व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है. इसके लिए निगम ने हरियाणा की माइक्रोटेक कंपनी से पांच साल का करार किया है. यह कंपनी अंतिम संस्कार प्लांट का निर्माण, संचालन और रखरखाव करेगी. योजना पर करीब 3 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे. अब तक मृत जानवरों को गड्ढा खोदकर जमीन में दफनाया जाता था, जिससे बदबू और भूजल प्रदूषण की समस्याएं उत्पन्न होती थीं. इस समस्या के समाधान के लिए निगम ने निजी कंपनियों से प्रस्ताव मांगे थे, जिनमें से पांच कंपनियों ने रुचि दिखाई और हरियाणा की कंपनी को चुना गया.

# 6 महीने से खराब पड़ा हैंडपंप

## खम्हारडीह पंचायत का मामला

**चितरंगी 29 मई. चितरंगी जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत खम्हारडीह के अभयराज कोल के घर के पास लगा हैंडपंप पिछले छ- महीने से खराब पड़ा हुआ है. जिसकी खोज-खबर कोई नही ले रहा है. जिसके कारण उक्त परिवार को पेयजल के लिए काफी मसक्कत करनी पड़ रही है.**

- पेयजल के लिए लोग कर रहे काफी जद्दोजहद
- पीएचई विभाग के अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

खम्हारडीह ग्राम पंचायत के अभयराज कोल के घर के पास हैंडपंप पिछले 6 महीने से खराब पड़ा हुआ है. पानी के बदले हवा उगल रहा है. बताया जा रहा है कि खराब हैंडपंप का मरम्मत कराने के लिए पीएचई अमला अनजान बना हुआ है. जबकि कई बार इसकी जानकारी पीएचई अमले को दी गई, लेकिन आज तक मरम्मत नही कराया गया और इस भीषण गर्मी में उक्त आदिवासी परिवार को पानी के लिए परेशान रहता है. बाल्टी भर पानी के लिए इधर-उधर मसक्कत करनी पड़ती है. तब कहीं जाकर किसी तरह पानी मिलता है. यहां के ग्रामीणों ने बताया कि पीएचई विभाग अमला के लापरवाही से हैंडपंप का मरम्मत कार्य नही हो पा रहा है.